## खबर संक्षेप

### मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य जागरूकता के लिए होंगे आयोजन

भोपाल । विश्व स्वास्थ्य दिवस 07 अप्रैल को मनाया जा रहा है। इस अवसर पर सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मातृ एवं नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए परामर्श एवं परिचर्चा सत्रों का आयोजन भी किया जाएगा। साथ ही हेल्थ स्क्रीनिंग कैंप भी आयोजित होंगे। विश्व स्वास्थ्य संगठन का संविधान 7 अप्रैल 1948 को लागू हुआ था। इसी उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष इस दिन को विश्व स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि इस वर्ष स्वास्थ्य दिवस के आयोजन मातृ एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य केंद्रित गतिविधियों के अनुरूप किए जा रहे हैं। मातृ एवं नवजात शिशुओं की मृत्यु न्यूनतम करना शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है।

### शाहपुरा, गौतमनगर-नयापुरा में भी सप्लाई नहीं

भोपाल। जिन इलाकों में बिजली गुल रहेगी, उनमें शाहपुरा, गौतमनगर, नयापुरा, दानिशकुंज, सर्वधर्म, दामखेड़ी, सिंगापुर कॉलोनी, सिंधी कॉलोनी, शाहजहांनाबाद, बजरिया, राजीव नगर जैसे कई बड़े रहवासी इलाके भी शामिल हैं। ऐसे में परेशानी हो सकती है। इसलिए लोग अपने जरूरी काम पहले ही निपटा लें। सुबह 6 से 6.30 बजे तक विकासकुंज, बसंतकुंज, इडस इम्पायर एवं आसपास। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक शाहपुरा ए, बी और सी सेक्टर, परी पार्क, इंद्रा नगर, मॉडल ग्राउंड, इस्लामी गेट, सिंधी कॉलोनी, शाहजहांनाबाद, बजरिया, टीला जमालपुरा, न्यू राजीव नगर, भोपाल टॉकीज चौराहा, लेक व्यू, राजीव नगर लालघाटी, एनआरआई कॉलोनी, रिजवान बाग, शालीमार नर्सरी, मलिक मार्केट, अमलतास एवं आसपास। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक दानिश कुंज, सिंगापुर कॉलोनी एवं आसपास के इलाके। सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक सर्वधर्म ए और बी सेक्टर, दामखेड़ा, सांई हिल्स एवं आसपास के क्षेत्र। सुबह 10 से शाम 5 बजे तक अहिंसा विहार, वर्धमान ग्रीन सिटी, आकांक्षा, झील नगर, भवानी धाम फेस-2, भवानी कैम्पस, संजीव नगर, पुलिस हाउसिंग, नयापुरा, कम्फर्ट हाइट्स एवं आसपास के इलाके।

### क्राइम पेट्रोल-सावधान इंडिया देखकर कर दी पत्नी की हत्या

**इंदौर।** ताराचंद खत्री ने अपनी पत्नी सीमा खत्री की कैंची मारकर हत्या कर दी। फिर घर की चौथी मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली। इंदौर में पत्नी की हत्या करने के बाद सुसाइड करने वाले बुजुर्ग ताराचंद खत्री बीते कई साल से क्राइम पेट्रोल और सावधान इंडिया जैसे सीरियल देखते थे। वह बच्चों से कहते थे- तेरी मां को चाकू मार दूंगा। कैंची मारकर हत्या कर दूंगा। एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित सिंह ने बताया- ताराचंद 20 साल से कोई काम नहीं कर रहे थे। वे अपने घर पर ही रहते थे। बेटे व्यापार करते हैं, वही उनका खर्च उठा रहे थे। ताराचंद बीड़ी और शराब पीया करते थे। क्राइम सीरियल देखने की वजह से उनमें हिंसात्मक प्रवृत्ति बढ़ गई थी इसलिए घर वालों ने घर में सीसीटीवी कैमरे लगा दिए थे। मामला इंदौर के अन्नपूर्णा इलाके में सिल्वर पैलेस कॉलोनी का है। यहां 04 अप्रैल को ताराचंद खत्री (70) ने अपनी पत्नी सीमा खत्री (65) की कैंची मारकर हत्या कर दी। फिर घर की चौथी मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली। एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित सिंह ने कहा- ताराचंद के बेटे हरीश की जूते की दुकान है। शुक्रवार सुबह वह दुकान पर चला गया था। बहू कचरा फेंकने घर से बाहर आई थी। सास सीमा की आवाज सुनकर वह अंदर की तरफ दौड़ी। देखा कि ससुर ताराचंद ने सास पर कैंची से हमला किया था। उसने बीच-बचाव किया तो ताराचंद सीढ़ी की तरफ भागे। छत पर जाकर उन्होंने नीचे छलांग लगा दी।

# भोपाल में निकली भगवान राम की शोभायात्रा, मंदिरों में विशेष सजावट

**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।**

भोपाल में रामनवमी पर धूमधाम से मनाया गया। रविवार को इस मौके पर शहर के विभिन्न मंदिरों और धार्मिक-सामाजिक संगठनों द्वारा विशेष तैयारियां की गई। विशेष तौर पर मंदिरों को सजाया गया है। भव्य शोभायात्राओं का आयोजन किया गया। तलैया के श्रीराम मंदिर, बिरला मंदिर, भेल का राम मंदिर, आनंद नगर का राम मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और भंडारे का आयोजन हुआ। तलैया स्थित श्रीराम मंदिर में मुख्य आयोजन होगा। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पं. ओम मेहता और महामंत्री प्रमोद चुघ ने बताया कि 6 अप्रैल को दोपहर 12 बजे भये प्रकट कृपाला दीन दयाला के जयघोष के साथ श्रीराम जन्मोत्सव की आरती की गई। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पहले 5 अप्रैल को महाष्टमी पर पूर्णाहुति, हवन और कन्या भोज का कार्यक्रम किया गया।पुराने शहर में घोड़ा नक्कास चौराहे से शाम 7 बजे शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा



मां कर्मा देवी रोड, छोटे भैया कॉर्नर, जुमेराती गेट, लोहा बाजार, सुभाष चौक, लखेरापुरा से होते हुए भवानी चौक सोमवारा पर समाप्त होगी। संस्था के अध्यक्ष अवनि शर्मा ने बताया कि यह 13वां वर्ष है। शोभायात्रा में हनुमान चालीसा की प्रस्तुति, भगवान श्रीराम लला की आकर्षक प्रतिमा, 101 भगवा ध्वज, गोस्वामी डीजे, ढोल, बैंड, दुलदुल घोड़ी और भगवान गणेश की बग्गी के साथ धार्मिक झांकियां शामिल हुई। कोलार के श्री सिद्ध रुद्रेश्वर हनुमान मंदिर, शिरडीपुरम में मां वैष्णोदेवी उत्सव एवं जनकल्याण समिति द्वारा रामनवमी पर अखंड रामायण और जन्मोत्सव मनाया जाएगा। समिति अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़ ने बताया कि जन्मोत्सव के बाद प्रसाद वितरण होगा। वहीं, शाम 5 बजे सिग्नेचर रेजिडेंसी से शुरू होने वाली शोभायात्रा कोलार के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी और महाआरती के साथ समाप्त होगी। रात 8-30 बजे से नगर भोज का आयोजन होगा, जिसमें वृंदावन के कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे।

## सीआईडी आरक्षक के घर चोरी, गोल्ड रिंग और चेन लेकर फरार हुए बदमाश



**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।**

भोपाल की रेडियो कॉलोनी में रहने वाले सीआईडी आरक्षक के घर चोरी का मामला सामने आया है। बदमाश यहां से सोने की चेन और रिंग लेकर फरार हो गए। घटना एक महीने पहले की है। जांच के बाद पुलिस ने रविवार को केस दर्ज किया है। मामले की जांच की जा हरी है।कमलानगर पुलिस के मुताबिक रेडियो कॉलोनी में आरक्षक किशोर सिंह के घर से दो सोने की चेन और अंगूठी बदमाश चुरा ले गया। घटना के समय किशोर और उनकी पत्नी इंदौर गए थे। घर पर उनका बेटा और बेटी मौजूद थे। इस दौरान बेटे का दोस्त दो बार मिलने आया। चोरी का संदेह उस पर है। पुलिस जांच कर रही है।

### बेटे के दोस्त पर चोरी का संदेह

किशोर सिंह सीआईडी में पदस्थ हैं। शनिवार को उन्होंने गहने वाली ड्रॉअर खोली तो होश उड़ गए। उसमें रखी सोने की दो चेन और अंगूठी गायब थीं। बच्चों से बात करने पर पता चला कि जब वह इंदौर गए थे। तब बेटे का दोस्त मिलने आया था। संदेह के आधार पर पुलिस उससे पूछताछ करने की तैयारी में है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है। उनके घर में रखी चीजों से कोई छेड़खानी नहीं हुई।

## किराना कारोबारी का एक्सीडेंट, मौत, एक साल पहले की थी लव मैरिज

**भोपाल।** भोपाल के कोहेफिजा में शुक्रवार देर रात एक्टिवा और बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में घायल किराना कारोबारी आशू जैन की इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। कारोबारी ने एक साल पहले ही लव मैरिज की थी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक आशू जैन (30) पुत्र अजय जैन निवासी आशियाना अपार्टमेंट कोहेफिजा कारोबारी थे। वो कोहेफिजा चौकी के सामने किराना दुकान चलाते थे। उनकी दुकान पर लालघाटी में रहने वाला युवक काम करता था। दुकान बंद करने के बाद हर रोज रात करीब 11 बजे उसे घर छोड़ने जाया करते थे। कर्मचारी को घर छोड़कर शुक्रवार की देर रात घर लौट रहे थे। कोहेफिजा चौकी के करीब उन्होंने अचानक एक्टिवा को टर्न किया, तभी सामने से आए अन्य बाइक सवार ने उनके वाहन में टक्कर मार दी।

## शराब दुकान खुलने पर अर्थी सजाई, फूंका पुतला : सेमरा में प्रदर्शन, महिलाएं भी मैदान में उतरी



**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल ।**

भोपाल के सेमरा गेट साईराम कॉलोनी में शराब की दुकान खुलने के विरोध में रविवार को सैकड़ों लोग सड़क पर उतर गए। उन्होंने प्रतीकात्मक शव यात्रा निकाली और फिर आबकारी विभाग का पुतला फूंका। उनका कहना था कि पिछले 6 दिन से प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन विभाग के जिम्मेदारों ने अब तक कोई फैसला नहीं लिया। मौके पर प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने पुलिस भी पहुंची।

सेमरा गेट साईराम कॉलोनी के लोग लगातार छठवें दिन रविवार को भी शराब दुकान की शिफ्टिंग की मांग को लेकर धरने पर बैठे रहे। वे ठीक उस जगह पर प्रदर्शन कर रहे हैं, जहां शराब दुकान खोली जाना है। प्रदर्शन कर रहे जीतू मलोटिया और विशाल कुरील ने बताया, प्रदर्शन करने के बावजूद अब तक आबकारी विभाग का अमला मौके पर नहीं आया है। इसलिए विरोधस्वरुप रविवार दोपहर में इलाके में प्रतीकात्मक रूप से आबकारी विभाग की शव यात्रा निकाली और फिर पुतले का दहन किया। प्रदर्शन के दौरान कई महिलाओं ने पुतले को चप्पल-जूतों से भी मारा। साथ ही नारेबाजी की। इधर, प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही अशोका गार्डन पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर शांत कराया। लोगों का कहना है कि लगातार विरोध के बाद भी दुकान नहीं हटेंगी तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इससे पहले लोग धरना, सुंदरकांड का पाठ भी कर चुके हैं। सेमरा गेट साईराम कॉलोनी के लोग पिछली 3 जनसुनवाई में शराब दुकान को दूसरी जगह पर शिफ्ट करने की भी मांग कर चुके हैं। पिछले दिनों कई महिलाएं हाथों में तख्तियां लेकर अफसरों के पास पहुंची थी।


## शिप्रा टोल नाके पर युवकों ने मचाया उत्पात, टोल टैक्स मांगने पर की तोड़फोड़

**इंदौर।** इंदौर-देवास बाइपास के शिप्रा टोल नाके पर आए दिन विवाद होते है। शनिवार रात फिर नाके पर कर्मचारियों से कुछ युवकों ने विवाद किया और नाके पर तोड़फोड़ भी की। टोल प्रबंधन ने सीसीटीवी फुटेज सहित शिप्रा थाने में शिकायत दर्ज की है। पुलिस ने केस तो दर्ज कर लिया, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि नाके पर उत्पात मचाने वाले युवक मंत्री तुलसी सिलावट के समर्थक बताए जा रहे है। टोल कर्मचारियों ने पुलिस को की गई शिकायत में बताया कि रात को पहले एक कार आई।

उसमें सवार युवक टोल देने के लिए तैयार नहीं थे। टोल से एंट्री नहीं मिली तो युवक कर्मचारी से बहस करने लगे, इसके बाद उनके साथी दूसरे वाहनों में पीछे से आए और फिर उन्होंने बगैर टैक्स चुकाए जाने की बात पर टोल के बूथ में घुस कर कर्मचारी से मारपीट की।

दशहत में कर्मचारी बूथ छोड़कर भागे। इसके बाद युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। इसके बाद वे बगैर टोल चुकाए देवास की तरफ चले गए। कुछ देर के लिए टोल नाके पर अफरा-तफरी मच गई और वाहनों की कतार लग गई। घटना की सूचना शिप्रा थाने पर दी गई। टोल कर्मचारियों ने तोड़फोड़ और मारपीट करने वाले युवकों के वाहनों के नंबर और सीसीटीवी फुटेज पुलिस को दिए। पुलिस अफसरों ने इस मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं की है, जबकि वाहन नंबरों के आधार पर युवकों का पता लगाया जा सकता है। शिप्रा टोल नाके पर पहले भी तोड़फोड़ की घटनाएं हो चुकी है। पहले टोल नाका देवास टोलवेज द्वारा संचालित किया जाता था, लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने ठेका निरस्त करने के बाद दूसरी एजेंसी को टोल नाके का संचालन करने की जिम्मेदारी दी। 1 अप्रैल को टोल टैक्स की दरें भी बढ़ाई गई थी।

## भोपाल में पारा 40 डिग्री के पार, गर्म हवाएं चली, कल से तीन दिन लू का अलर्ट



**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।**

मध्यप्रदेश में पिछले 3 दिन से तेज गर्मी पड़ रही है। रविवार को भी गर्मी का असर देखा गया। भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन में इस सीजन पहली बार दिन का तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया। वहीं, रतलाम सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां तापमान 42.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।रविवार को भोपाल में सुबह से ही तेज धूप खिली रही। वहीं, गर्म हवाएं भी चली। इस कारण तापमान 40.5 डिग्री पहुंच गया। ग्वालियर में 40 डिग्री और उज्जैन में 41 डिग्री रहा।
नर्मदापुरम में 42.2 डिग्री, खजुराहो (छतरपुर) में 42 डिग्री, गुना में 41 डिग्री, मंडला में 40.5 डिग्री, दमोह में 40.4 डिग्री, शाजापुर, धार-टीकमगढ़ में 40.3 डिग्री, नौगांव (छतरपुर), सागर में 40 डिग्री सेल्सियस रहा। अन्य शहरों की बात करें तो इंदौर में 39.8 डिग्री और जबलपुर में 39.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी तरह सतना में 39.9 डिग्री, मलाजखंड में 39.5 डिग्री, खरगोन-छिंदवाड़ा में 39.4 डिग्री, सिवनी में 39.2 डिग्री और बैतूल में तापमान 39 डिग्री रहा।मौसम विभाग के अनुसार, 7 अप्रैल से राजस्थान से जुड़े एमपी के कुछ जिलों में लू भी चलेगी। वहीं, वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के एक्टिव होने से 9 अप्रैल को सिंगरौली, अनूपपुर, डिंडोरी, मंडला और बालाघाट में हल्की बारिश हो सकती है। हालांकि, प्रदेश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्से में लू का अलर्ट भी है।

## रिश्तेदार भाई की ज्यादती से 12 साल की बच्ची बनी मां,नवजात की मौत



**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।**

पिपलानी में रिश्तों और मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। रिश्ते के भाई की ज्यादती से गर्भवती हुई 12 साल की नाबालिग ने बच्ची को जन्म दिया। तीन दिन बाद नवजात की मौत हो गई। डीएनए टेस्ट के लिए मृत बच्ची का सैंपल लिया गया है। पुलिस बच्ची और आरोपी के सैंपल की डीएनए जांच कराएगी।

डीसीपी संजय अग्रवाल ने बताया नाबालिग से ज्यादती करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस मामले का खुलासा करीब 25 दिन पहले हुआ था। पेट दर्द होने पर नाबालिग बेटी का चेकअप कराने मां उसे अस्पताल लेकर पहुंची थी। जांच के दौरान पता चला वह गर्भ से है। इसकी शिकायत पिपलानी थाने में हुई। नाबालिग ने बताया रिश्ते का भाई उससे गलत काम करता था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की उम्र 23 साल बताई जा रही है।

# व्यापारी ने खुद को गोली मारी, अस्पताल में हालत गंभीर

## समाज में प्रतिष्ठित व्यक्ति थे राठौर

**पीपुल्स प्रवक्ता, इंदौर ।**

इंदौर के विजयनगर इलाके में रहने वाले एक प्रॉपर्टी व्यापारी ने रविवार दोपहर खुद को गोली मार ली। घटना के बाद व्यापारी को तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के अनुसार, फिलहाल परिजनों के बयान नहीं दर्ज किए गए हैं, लेकिन यह जानकारी सामने आई है कि व्यापारी किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। टीआई चंद्रकांत पटेल के अनुसार, यह घटना शीतल नगर की है, जहां पूरनमल राठौर ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से अपने सिर में गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर परिजन दौड़े और उन्हें खून से लथपथ तड़पते हुए पाया।

पुलिस को सूचना देने के बाद पूरनमल राठौर को तत्काल पास के मेंदाता अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि व्यापारी लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। घटना के बाद उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। अस्पताल में भर्ती किए जाने के बाद से व्यापारी की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। परिवार के सदस्य इस वक्त बेहद तनाव में हैं और किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं।

पूरनमल राठौर समाज के एक प्रमुख व्यक्ति थे और उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया था। वे राठौर समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में भी एक पदाधिकारी रह चुके थे। इसके अलावा, विजयनगर क्षेत्र में उनके कई हॉस्टल और अन्य प्रॉपर्टी थीं, जिनका संचालन वे करते थे। उनके समाज में एक प्रतिष्ठित स्थान था और उन्हें कई लोग आदर की दृष्टि से देखते थे।

### समाज के वरिष्ठजन अस्पताल पहुंचे

घटना की सूचना मिलने के बाद राठौर समाज के कई वरिष्ठजन अस्पताल पहुंचे। इस घटना ने समाज में शोक की लहर दौड़ा दी है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील -कोलार, जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक /अ-6/2024-25

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्रीमती ऊषा जादौन पत्नी स्व. निवासी जी- 99/65, तुलसी नगर म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 109,110 अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय एवं फौती नामांतरण/वसीयत के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। ग्राम महाबडियां प.ह.न....स्थित भूमि खसरा नंबर 263/1/1/2, 263/1/2/2, क्षेत्र. दुकान नं. ए-52 क्षेत्र. 16.45 वर्गमीटर भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवदेक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है।

2- उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 15 दिवस के अंदर इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 4/4/2025 को जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील-कोलार जिला भोपाल**

**न्यायालय अपर तहसीलदार राजधानी परियोजना टी.टी. नगर वृत्त**
(जवाहर चौक बारह दफतर, शेड नम्बर- 6)

प्रकरण क्रमांक-0002/अ-6/2025-26

**//इश्तहार//**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संतोष कुमार तिवारी आ. श्री जी. पी. तिवारी निवासी - एच. आई.जी. -39, बघीरा अपार्टमेंट ई-5, अरेरा कॉलोनी भोपाल द्वारा ग्राम-बरखेड़ीखुर्द स्थित भूमि खसरा नं. 17/2/5 कुल रकबा 0.0970 हे. भूमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था कोई आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार/प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है ।

समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 04/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से

**नायब तहसीलदार**
**राज. परि. टी.टी. नगर भोपाल**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, वृत्त-1 तहसील-हुजूर, जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 9217/अ-6 /2024-2025
मौजा- अरवलिया तहसील हुजूर,भोपाल

**::: उद्घोषणा पत्र :::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। आवेदक श्री प्रवीण कुमार येनुगवार आत्मज श्री एम.डी. येनुगवार निवासी मकान नबंर-392 अशोका गार्डन शहर भोपाल (म.प्र) ने म.प्र. भू- रा. संहिता की धारा 109, 110 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर क्रय की गई भूमि स्थित ग्राम अरवलिया तहसील हुजूर स्थित भूमि खसरा क्रमांक- 257/2/1 रकबा 600 वर्गफिट अर्थात 55.76 वर्गमीटर भूमि का नामान्तरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किए जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध मे किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 19.03.2025 को या इस से पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समया वधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक को 04.03.2025 जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील- हुजूर, भोपाल**

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील -कोलार, जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 5351/अ-6/2024-25

**//इश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि में आवेदक श्रीमती नेहा जोग पत्नी राहुल जोग द्वारा ग्राम थुआखेड़ा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 6-7/1, 29, 30, 31, 32 रकबा 55.76 वर्गमीटर का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र कमांक एमपी059702025ए1186619 दिनांक 03/03/2025 के आधार पर फौती नामान्तरण किए जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के पश्चात् आगामी पेशी 15 दिन तक इस न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 4/4/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील-कोलार भोपाल**